द विट्स स्कूल में वार्षिक उत्सव 'सफरनामा अध्याय 8' का भव्य आयोजन

शत प्रतिशत छात्रों ने मंच पर दी प्रस्तुति

सतना। द विट्स स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव सफरनामा अध्याय 8 का आयोजन दिनांक 25 दिसम्बर एवं 26 दिसम्बर को हुआ, जिसमें आकर्षक रेट्रो थीम पर विद्यालय में समस्त बच्चों द्वारा नृत्य एवं संगीत के माध्यम से शत प्रतिशत प्रभिभागिता की गई। इसमें बच्चों द्वारा संगीत के माध्यम से गायक मुकेश रफी एवं तबला वादक जाकिर हुसैन को श्रद्धांजलि दी गई। बच्चों ने राजेश खन्ना, वैजयंती माला, शर्मीला टैगोर, गुरूदत्त जी, ऋषि कपूर, मिथुन चक्रवर्ती, शम्मी कपूर, अभिताभ बच्चन के गानो पर सुन्दर नृत्य प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। रेट्रो थीम का विशेष आकर्षण बच्चों द्वारा श्री देवी एवं राजकपूर को अपने भावपूर्ण नृत्य द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें समस्त अभिभावकों के द्वारा भी फ्लैश लाइट द्वारा भावपूर्ण सहभागिता दी गई। रेट्रो थीम द्वारा बच्चों ने 70's, 80's और 90's के गानों पर अपनी कला की सुंदर अभिव्यक्ति प्रस्तुत की।

अभिभावक हुए भाव विभोर

शिक्षा के साथ साथ खेल, कला एवं संस्कृतिक क्षेत्र में बच्चों का समुचित विकास देख कर सन्तुष्ट।

उज्जवल शुक्ला (अभिभावक)

मंच पर भारत की सिनेमैटिक विरासत की भव्यता देख कर मैं अभिभूत हुआ।

फिरोज अख्तर (अभिभावक)

विद्यालय पत्येक छात्र की काविलियत निखारने में हर सम्भव प्रयास करता है तभी ऐसे कार्यक्रम सम्भव।

आशुतोष द्विवेदी (अभिभावक)

मंच पर बच्चों के परफॉरमेन्स को देखकर लगा कि मै किसी अन्तराष्ट्रीय स्तर के आयोजन में सम्मिलित हूं।

प्रदीप त्रिपाठी (अभिभावक)

छात्र हुए सम्मानित

2024 सीबीएसई परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें प्रमुख रूप से कक्षा 12 वीं कामर्स की छात्रा टीसा सेनानी जिन्होने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 10वीं में अदिति मिश्रा ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित किया।

एसजीएफआई राज्य स्तरीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सुहानी सिंह, विभू बाजपेई, हर्ष चतुर्वेदी, मोक्ष कापड़ी, वेदांत गौतम, शिवांस बाजपेयी, अधिराज प्रताप सिंह, रूद्रांश गर्ग, प्रिंस सिंह, अभिषेक सिंगरहा, नैतिक सिंह, गौरव सिंह, विहान वाधवानी, अंशिका सिंह, आर्या सिंह परिहार, अर्नव झा, श्रीवांश पाण्डेय, अर्चित शर्मा, अर्नव त्रिपाठी, प्रारूप सिंह, अच्युत मिश्रा, मितार्थ मिश्रा, रौनक वसंतानी एवं देवांश त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

वहीं गिनिजबुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाले स्कूल के छात्र दिव्य जैन, तेजस्वीता सिंह एवं रूद्रांश देव सिंह को भी सम्मानित किया गया।